मुखड़ा प्यारा | by Vishi Arora

ऐसा मुखड़ा है प्यारा
हर कोई दिल है हारा
सांवरे तू लगता कमाल है
तेरी हर अदा है बेमिसाल

सर के तेरे मोर मुकुट की शोभा लगती है प्यारी
कारी घुँघरारी अलकें अँखियाँ तेरी कजरारी
अधरों पे प्यारी लाली कानो में तेरे बाली
सांवरे तू लगता कमाल है
तेरी हर अदा है बेमिसाल

मनमोहन मन को मोहे तेरा ये रूप निराला
पहने पीताम्बर तन पे सोहे मोतियन की माला
सांवरिया जब तू साजे सज के तू सोणा लागे
सांवरे तू लगता कमाल है
तेरी हर अदा है बेमिसाल

चंचल है चितवन तेरी चंचल है तेरी अदाएं
तेरी अदाएं प्यारे विशि के दिल को लुभाये
तेरे आगे चाँद सितारे कुंदन फीके हैं सारे
सांवरे तू लगता कमाल है
तेरी हर अदा है बेमिसाल

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%81%e0%a4%96%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a4%be-%e0%a4%aa%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%be-by-vishi-arora/